# सप्ताह के करंट अफेयर्स (14- 20 अप्रैल 2019)

**1. बेंजामिन नेतन्याहू पुन: इजराइल के प्रधानमंत्री पद पर निर्वाचित हुए**

- इजरायल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू (69 वर्षीय) ने पांचवें कार्यकाल के लिए चुनाव में जीत हासिल की है।
- उनकी निकटतम प्रतिद्वंदी पार्टी ब्लू एंड व्हाइट पार्टी ने हार मान ली, और नेतन्याहू के लिए गठबंधन की सरकार बनाने का रास्ता साफ कर दिया।
- श्री नेतन्याहू अब डेविड बेन-गुरियन (देश के पहले प्रधान मंत्री) की तुलना में इजराइल के इतिहास में सबसे लंबे समय तक कार्य करने वाले प्रधान मंत्री बन गए हैं, जिन्हें प्राय: "इजरायल के जॉर्ज वाशिंगटन" के रूप में वर्णित किया जाता है।

**सम्बंधित जानकारी**

- बेंजामिन "बीबी" नेतन्याहू का जन्म 1949 में तेल अवीव में हुआ था।
- वर्ष 1963 में उनका परिवार अमेरिका चला गया, जब उनके पिता, इतिहासकार और यहूदीवादी कार्यकर्ता, को एक शैक्षणिक पद की पेशकश की गई थी।
- वे वर्ष 1968 में बेरूत के हवाई अड्डे पर एक छापे में शामिल थे और उन्होंने वर्ष 1973 का मध्य पूर्व युद्ध भी लड़ा।

**2. 14 अप्रैल: अंबेडकर जयंती**

- अम्बेडकर जयंती 'भारतीय संविधान के जनक' बी.आर. अंबेडकर की स्मृति में 14 अप्रैल को मनाया जाने वाला एक वार्षिक उत्सव है।
- यह बाबासाहेब डॉ. बी.आर. अंबेडकर के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है जिनका जन्म 14 अप्रैल, 1891 को हुआ था।
- अम्बेडकर जयंती दलित प्रतिरूप का सम्मान करती है जिन्होंने अपना जीवन अछूतों, महिलाओं और मजदूरों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया।
- डॉ. बी.आर. अंबेडकर ने न केवल भारत को उसका संविधान दिया, बल्कि देश के केंद्रीय बैंकिंग संस्थान - भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

**3. लुईस हैमिल्टन ने रिकॉर्ड छठी बार चीनी ग्रैंड प्रिक्स जीती**





- मोटर रेस में, ब्रिटिश कार चालक लुईस हैमिल्टन (34 वर्षीय) ने रिकॉर्ड छठी बार चीनी ग्रैंड प्रिक्स जीती।
- यह जीत हैमिल्टन के करियर की 75वीं, और दो सप्ताह पहले बहरीन में उनकी जीत के बाद लगातार दूसरी जीत थी।
- वाल्टेरी बोटास ने इस सत्र में अपनी टीम के लिए तीसरी बार दूसरा स्थान हासिल किया।
- फेरारी के सेबेस्टियन वेटल ने तीसरा स्थान हासिल किया।

**सम्बंधित जानकारी**

- 2019 चीनी ग्रैंड प्रिक्स एक फार्मूला वन मोटर रेस थी जो चीन के शंघाई में शंघाई इंटरनेशनल सर्किट में आयोजित हुई।
- वर्ष 1950 में सिल्वरस्टोन सर्किट में पहली विश्व चैंपियनशिप रेस आयोजित होने के बाद से यह रेस 1000वीं फॉर्मूला वन विश्व चैंपियनशिप रेस थी।

| **स्थान** | **चालक/देश** | **टीम का नाम** |
|---|---|---|
| पहला | लुईस हैमिल्टन (यूनाइटेड किंगडम) | मर्सिडीज |
| दूसरा | वाल्टेरी बोटास (फिनलैंड) | मर्सिडीज |
| तीसरा | सेबेस्टियन वेटल (जर्मनी) | फेरारी |

**4. भारत ने सब-सोनिक क्रूज मिसाइल 'निर्भय' का सफल परीक्षण किया**

- भारतीय रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) ने स्वदेश में डिजाइन की गई और विकसित लंबी दूरी की सब-सोनिक क्रूज मिसाइल 'निर्भय' का इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज, चांदीपुर, ओडिशा से सफल परीक्षण किया।
- मिसाइल ने उर्ध्वाधर रूप से उड़ान भरी और क्षितिज के समांतर वांछित दिशा में मुड़ गई, बूस्टर अलग हो गया, विंग विस्तारित हो गए, इंजन शुरू हो गया, और मिसाइल ने सभी लक्ष्य हासिल कर लिए।

**5. गुरुग्राम में अपनी तरह के पहले 'वोटर पार्क' का उद्घाटन किया गया**

- हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजीव रंजन ने गुरुग्राम, हरियाणा में भारत के पहले 'वोटर पार्क' का उद्घाटन किया।





- पार्क में, मतदाताओं को देश में मतदान प्रक्रिया और चुनाव के इतिहास के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी।
- वोटर पार्क की स्थापना का उद्देश्य लोकसभा चुनाव में मतदान के पात्र लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करना है ताकि वे देश की प्रगति में योगदान दे सकें।

**6. जॉन मूरे ने वर्ल्ड प्रेस फोटो अवार्ड 2019 जीता**

- दो साल की रोती हुई एक छोटी बच्ची, क्योंकि उसे और उसकी मां को अमेरिका-मेक्सिको सीमा के अधिकारियों ने टेक्सास में हिरासत में ले लिया है, की फोटो ने वर्ष 2019 का प्रतिष्ठित वर्ल्ड प्रेस फोटो अवॉर्ड जीता।
- दिग्गज गेटी फोटोग्राफर जॉन मूरे ने जून, 2018 में रियो ग्रांडे वैली में तस्वीर ली थी।
- डच-स्वीडिश फोटोग्राफर पीटर टेन होपेन ने अमेरिकी सीमा पर 2018 जन-प्रवासी कारवां की फोटो के लिए "वर्ल्ड प्रेस फोटो ऑफ़ द ईयर अवार्ड" जीता।
- इन फोटो को उनकी सही, निष्पक्ष और हमारी दुनिया की नेत्रहीन सम्मोहक अंतदृष्टि के आधार पर चुना गया।

**सम्बंधित जानकारी**

- वर्ल्ड प्रेस फोटो फाउंडेशन ने अपनी अंतर्राष्ट्रीय वर्ल्ड प्रेस फोटो प्रतियोगिता के माध्यम से दृश्य पत्रकारिता में पेशेवर फोटोग्राफरों के सर्वश्रेष्ठ योगदान को सम्मानित किया।
- वर्ल्ड प्रेस फोटो प्रतियोगिता 2019 की विजेता तस्वीरें 13 अप्रैल से 7 जुलाई, 2019 तक प्रारंभ में एम्स्टर्डम सहित दुनिया भर की प्रदर्शनियों में दिखाई जाएंगी।

**7. रिचर्ड पॉवर्स की 'ओवरस्टोरी' ने फिक्शन के लिए पुलित्जर पुरस्कार 2019 जीता**

- प्रबंधक डैना कैनेडी ने कोलंबिया यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ जर्नलिज्म के वर्ल्ड रूम से वर्ष 2019 के पुलित्जर पुरस्कार विजेताओं ने नामों की घोषणा की।
- पेड़ों के अद्भुत जीवन और भयानक विनाश पर आधारित एक विशाल महाकाव्य 'ओवरस्टोरी' (रिचर्ड पॉवर्स) ने इस वर्ष फिक्शन (कथा साहित्य) का पुलित्जर पुरस्कार जीता।
- वाशिंगटन पोस्ट ने दो पुरस्कार जीते, द न्यूयॉर्क टाइम्स; वाल स्ट्रीट जर्नल ने एक और सन-सेंटिनल ने लोक सेवा के लिए अपना दूसरा पुलित्जर जीता।



फ्री टेस्ट CDS II 2019 अटेम्प्ट करें

- दिवंगत अमेरिकी गायिका-गीतकार अरीथा फ्रैंकलिन (जिन्हें 'द क्वीन ऑफ सोल' के नाम से जाना जाता है) को मरणोपरांत अमेरिकी संगीत और संस्कृति में उनके योगदान के लिए पुलित्जर पुरस्कार के विशेष प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया।
- नाटक: फेयरव्यू, जैकी सिबलीस ड्रयूरी (लेखिका)
- इतिहास: फ्रेडरिक डगलस: प्रोफेट ऑफ फ्रीडम, लेखक डेविड डब्ल्यू. ब्लाइट (साइमन एंड शूस्टर)

**सम्बंधित जानकारी**

- 2018 कैलेंडर वर्ष के दौरान किए गए कार्यों के लिए पुलित्जर पुरस्कार बोर्ड द्वारा 2019 पुलित्जर पुरस्कार (21 श्रेणियों) से सम्मानित किया गया।
- यह पुरस्कार न्यूयॉर्क शहर में कोलंबिया यूनिवर्सिटी द्वारा दिया जाता है।

**8. म्यांमार की जेल में बंद रॉयटर्स के पत्रकारों ने UN प्रेस फ्रीडम प्राइज जीता**

- संयुक्त राष्ट्र की सांस्कृतिक एजेंसी ने म्यांमार जेल में बंद रॉयटर्स के दो पत्रकारों को अपना वार्षिक प्रेस फ्रीडम पुरस्कार प्रदान किया।
- वा लोन और क्याव सो ओ (दिसंबर 2017 से बार) को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के प्रति उनके साहस और प्रतिबद्धता के लिए उपहार के रूप में 2019 यूनेस्को/गिलेर्मो कैनो प्रेस फ्रीडम प्राइज से सम्मानित किया गया।
- दोनों पत्रकारों लोन और सो ओ को जब गिरफ्तार किया गया था तब वे म्यांमार के राखीन राज्य में एक सैन्य कार्यवाही और कथित मानवाधिकारों के उल्लंघन की कहानियों पर काम कर रहे थे।

**9. 17 अप्रैल: विश्व हीमोफीलिया दिवस**

- हीमोफिलिया और अन्य वंशानुगत रक्तस्राव विकारों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए 17 अप्रैल को दुनिया भर में विश्व हीमोफिलिया दिवस मनाया जाता है।
- विश्व हीमोफिलिया दिवस (WHD) 2019 का विषय 'रीचिंग आउट – कनेक्ट टू योर कम्युनिटी' है।
- हीमोफिलिया मुख्य रूप से एक वंशानुगत आनुवांशिक विकार है जो रक्त का थक्का बनाने की शरीर की क्षमता को क्षीण कर देता है, जोकि रक्तस्राव को रोकने के लिए आवश्यक प्रक्रिया है।

**सम्बंधित जानकारी**





- विश्व हीमोफिलिया दिवस की शुरुआत वर्ष 1989 में वर्ल्ड फेडरेशन ऑफ हीमोफिलिया (WFH) द्वारा की गई थी, जिसने 17 अप्रैल को WFH के संस्थापक फ्रैंक श्नाबेल के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में समुदाय को एक साथ लाने के लिए चुना था।

**10. 17 अप्रैल: बांग्लादेश में मुजीबनगर दिवस**

- बांग्लादेश में ऐतिहासिक मुजीबनगर दिवस मनाया जा रहा है।
- यह दिवस वर्ष 1971 में मेहरपुर के बैद्यनाथताल में बांग्लादेश की पहली सरकार के शपथग्रहण समारोह का प्रतीक है।
- यह दिवस राजनीतिक दलों और सामाजिक एवं सांस्कृतिक संगठनों द्वारा पूरे बांग्लादेश में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मनाया जा रहा है।
- वर्ष 1971 में इसी दिन, बांग्लादेश की आजादी आंदोलन के वरिष्ठ नेता स्वतंत्र बांग्लादेश की अस्थाई सरकार बनाने के लिए बैद्यनाथताल में एकत्रित हुए थे।

**सम्बंधित जानकारी**

- बंगबंधु शेख मुजीबुर रहमान को उनकी अनुपस्थिति में राष्ट्रपति घोषित किया गया था क्योंकि 25 मार्च, 1971 की रात को तत्कालीन 'पूर्वी पाकिस्तान' में पाकिस्तान की सैन्य कार्यवाही के बाद उन्हें गिरफ्तार करके पाकिस्तान भेज दिया गया था।
- घोषणा के बाद 16 दिसंबर, 1971 को बांग्लादेश की स्वतंत्रता में नौ महीने के लंबे संघर्ष का समापन हुआ।

Mission CDS:100 days score booster course, Check Here!!

**11. केंटो मोमोटा ने सिंगापुर बैडमिंटन ओपन का एकल खिताब जीता**

- जापान के केंटो मोमाटा ने एंथोनी गिन्टिंग (इंडोनेशिया) को 10-21, 21-19, 21-13 से हराकर सिंगापुर बैडमिंटन ओपन 2019 का पुरुष एकल खिताब जीता है।
- महिलाओं के फाइनल में, ताई त्ज़ु-यिंग (ताइवान) ने नोज़ोमी ओकुहारा (जापान) पर 21-19, 21-15 से जीत हासिल करके अपना दूसरा सिंगापुर ओपन खिताब जीता।

**सम्बंधित जानकारी**

- 2019 सिंगापुर ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट (10 वां संस्करण) सिंगापुर के इंडोर स्टेडियम में आयोजित हुआ।



फ्री टेस्ट CDS II 2019 अटेम्प्ट करें

- यह टूर्नामेंट सिंगापुर बैडमिंटन एसोसिएशन ने BWF की मंजूरी से आयोजित किया था।

**12. IDBI बैंक ने कागज-रहित खाता सुविधा 'NRI-इंस्टा-ऑनलाइन' शुरू की**

- IDBI बैंक ने वित्तीय कार्यवाही कार्यदल (FATF) के सदस्य देशों में रहने वाले NRI (प्रवासी भारतीयों) के लिए खाता खोलने की प्रक्रिया 'NRI-इंस्टा-ऑनलाइन' शुरू की है।
- किसी व्यक्ति को बैंक में खाता खोलने के लिए कागजी दस्तावेजों के साथ-साथ KYC के प्रमाण प्रस्तुत करने की आवश्यकता नहीं होगी।
- स्कैन किए गए दस्तावेजों के सफलतापूर्वक अपलोड और सत्यापन हो जाने पर, खाता तुरंत खोला जाता है और ग्राहक को इलेक्ट्रॉनिक रूप से एक सूचना भेजी जाती है।
- संस्था के 38 सदस्य देश हैं, जिनमें अमेरिका, ब्रिटेन, भारत, जापान, चीन और फ्रांस शामिल हैं।

**सम्बंधित जानकारी**

- FATF एक अंतर-सरकारी संस्था है जो धन शोधन, आतंकवादी वित्तपोषण और अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय प्रणाली बनाए रखने से संबंधित खतरों से निपटने के लिए कानूनी, विनियामक और परिचालन उपायों के प्रभावी कार्यान्वयन हेतु नीति और मानक निर्धारित करती है।

**13. 18 अप्रैल: विश्व धरोहर दिवस**

- 'विश्व धरोहर दिवस' हमारी सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाने और लोगों को हमारे समृद्ध अतीत को संरक्षित करने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु हर वर्ष 18 अप्रैल को मनाया जाता है।
- इस दिवस का उद्देश्य दुनिया भर में उन विभिन्न स्थलों की रक्षा करने और उन्हें संरक्षित करने के महत्व के बारे में जागरूकता फैलाना है, जिन्हें विश्व धरोहर स्थल का दर्जा प्राप्त है।
- यूनेस्को द्वारा 1000 से अधिक विश्व धरोहर स्थलों (मानवनिर्मित और प्राकृतिक) को मान्यता प्रदान की गई है।
- विश्व धरोहर दिवस 2019 का विषय 'ग्रामीण परिदृश्य का प्रतिवेश' (surrounding rural landscapes) होगा।

**सम्बंधित जानकारी**





- वर्ष 1982 में, इतिहास और संस्कृति से संबंधित स्मारकों और अन्य स्थलों के प्रति जागरूकता के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्मारक एवं कार्यस्थल परिषद ने 18 अप्रैल को विश्व धरोहर दिवस घोषित किया।
- विश्व विरासत स्थलों को आधिकारिक तौर पर संयुक्त राष्ट्र और संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) द्वारा मान्यता प्रदान की जाती है।

**14. नेपाल ने अपने पहले उपग्रह नेपालीसैट-1 का अंतरिक्ष में सफल प्रक्षेपण किया**

- नेपाल ने अमेरिका के वर्जीनिया से अपने पहले उपग्रह नेपालीसैट -1 का अंतरिक्ष में सफल प्रक्षेपण किया।
- नेपालीसैट -1 नेपाली वैज्ञानिकों द्वारा विकसित निकटतम कक्षा का उपग्रह है।
- इसका वजन3 किलोग्राम है, जो इसे सीमित क्षमता वाला एक छोटा उपग्रह बनाता है।
- NAST ने जापान के क्यूशू इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के BIRDS प्रॉजेक्ट के तहत देश के अपने उपग्रह के प्रक्षेपण की शुरुआत की।
- BIRDS प्रॉजेक्ट को संयुक्त राष्ट्र के सहयोग से डिजाइन किया गया है और इसका उद्देश्य देशों को अपना पहला उपग्रह प्रक्षेपित करने में मदद करना है।

**15. श्रीलंका का पहला उपग्रह ‘रावण-1’ अंतरिक्ष में लॉन्च किया गया**

- आज, श्रीलंका के पहले उपग्रह ‘रावण -1’ (Raavana-1) को वर्जीनिया के पूर्वी तट पर नासा की फ्लाइट फैसिलिटी से अंतरिक्ष में लॉन्च किया गया।
- ‘रावण 1' का वजन लगभग05 किलोग्राम और उपग्रह का जीवनकाल लगभग डेढ़ वर्ष है।
- उपग्रह को जापान के क्यूशू इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में दो श्रीलंकाई अनुसंधान इंजीनियरों द्वारा डिजाइन और निर्मित किया गया था।
- इसके कैमरे का उद्देश्य श्रीलंका और उसके पड़ोसी देशों की तस्वीर प्राप्त करना है।

**16. चीन ने विश्व की पहली बख्तरबंद उभयचर ड्रोन नौका बनाई**

- चीन ने विश्व की पहली सशस्त्र उभयचर ड्रोन नौका 'मरीन लिज़ार्ड' का सफल परीक्षण किया।
- यह नाव चीन शिपबिल्डिंग इंडस्ट्री कॉर्पोरेशन के तहत वुचांग शिपबिल्डिंग इंडस्ट्री ग्रुप द्वारा बनाई गई है।





- 1,200 किलोमीटर की अधिकतम संचालन सीमा होने के साथ मरीन लिज़ार्ड को उपग्रहों के माध्यम से दूर से नियंत्रित किया जा सकता है।

**17. 19 अप्रैल: विश्व यकृत दिवस**

- शरीर के दूसरे सबसे बड़े अंग 'यकृत (लीवर)' के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए हर वर्ष 19 अप्रैल को विश्व यकृत दिवस मनाया जाता है।
- विश्व यकृत दिवस 2019 का विषय 'अपने यकृत से प्यार करें और लंबे समय तक जीवन जिएं (Love Your Liver and Live Longer) है।
- यकृत संबंधी रोग हेपेटाइटिस A, B, C, एल्कोहल और नशीली दवाओं के कारण होते हैं।
- WHO (विश्व स्वास्थ्य संगठन) के अनुसार, यकृत की बीमारियां भारत में होने वाली मौतों का 10वां सबसे आम कारण हैं।

**सम्बंधित जानकारी**

- यकृत शरीर का दूसरा सबसे बड़ा और सबसे जटिल अंग (पहला- मस्तिष्क) है।
- मनुष्यों में, यह डायाफ्राम के नीचे पेट के दाहिने ऊपरी चतुर्थ भाग में स्थित है।
- यह हमारे शरीर के पाचन तंत्र का मुख्य भाग है।

**18. केनरा बैंक RBI के EMV कार्ड आदेश को पूरा करने वाला भारत का पहला सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक बना**

- ACI वर्ल्डवाइड ने घोषणा की कि, केनरा बैंक ने अपने ATM नेटवर्क और आधार प्रमाणीकरण पर EMV कार्ड प्राप्ति का समर्थन करने के लिए प्रमुख नए कार्य को सफलतापूर्वक पूरा किया है।
- केनरा बैंक देश के विशाल ATM नेटवर्क में कार्ड से लेनदेन के लिए EMV चिप और पिन पर स्थानान्तरित होने वाला पहला सार्वजनिक क्षेत्र का बैंक है।
- केनरा बैंक की लगभग 6,300 शाखाएं और 10,000 से अधिक ATM का नेटवर्क है।
- ACI ने वर्षों से कई देशों में EMV की शुरुआत में मुख भूमिका निभाई है।

**सम्बंधित जानकारी**





- भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) ने सभी बैंकों को 31 दिसंबर, 2018 तक मैग्नेटिक स्ट्रिप वाले ATM/डेबिट कार्ड को EMV चिप और पिन भुगतान कार्डों में बदलने के लिए आदेश जारी किया था।

**19. मुकेश अंबानी टाइम पत्रिका की वर्ष 2019 की 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची में शामिल**

- टाइम पत्रिका ने वर्ष 2019 की अपनी 100 सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों की सूची जारी की है।
- टाइम पत्रिका के अनुसार, तीन भारतीय मुकेश अंबानी (रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन), अरुंधति काटजू (जनहित वादी) और मेनका गुरुस्वामी (LGBTQ+ अधिकारों के लिए लड़ने वाली) का नाम सूची में रखा गया है।
- इस सूची में भारतीय-अमेरिकी कॉमेडियन और टीवी होस्ट हसन मिन्हाज, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, पोप फ्रांसिस, चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान, प्रतिष्ठित गोल्फ खिलाड़ी टाइगर वुड्स और फेसबुक के संस्थापक मार्क जुकरबर्ग शामिल हैं।

**20. मिताली राज को स्ट्रीट चाइल्ड क्रिकेट विश्व कप में टीम इंडिया की सद्भावना राजदूत नियुक्त किया गया**

- भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मिताली राज को स्ट्रीट चाइल्ड क्रिकेट विश्व कप (SCCWC) में 'टीम इंडिया' की सद्भावना राजदूत बनाया गया है।
- वह सौरव गांगुली और राजस्थान रॉयल्स के साथ टीम का समर्थन करेंगी।
- स्ट्रीट चाइल्ड क्रिकेट विश्व कप (SCCWC) 2019 सड़क से जुड़े बच्चों के लिए पहला क्रिकेट विश्व कप है।
- टूर्नामेंट का आयोजन ब्रिटेन स्थित संगठन स्ट्रीट चाइल्ड यूनाइटेड (SCU) द्वारा किया जा रहा है।





# Mission CDS OTA Special:

A 100-Day Score Booster Course
Score 100+ in CDS II 2019 for OTA Entry



Amit Shishodia



Quasif Ansari



Abhishek Ajay Sing



Zubair Ehsani